| Publication : Rashtriya Swaroop | Edition : Lucknow |
|---|---|
| Date : September 03, 2018 | Page: 10 |



# पीएनबी मेटलाइफकी सतारा हिल हाफ मैराथन के सातवें सीजन का समापन

नई दिल्ली (एजेंसी)। मोस्ट नंबर ऑफ पीपल रनिंग ऑन ए हिल कैटेगरी में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान पाने वाली पीएनबी मेटलाइफ सतारा हिल हाफ मैराथन के सातवें सीजन का समापन आज हुआ। रविवार को हुए समापन समारोह में पुरुषों और महिलाओं की श्रेणी में दोनों विजेताओं को पीएनबी मेटलाइफ के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर निपुण कौशल ने पुरस्कार राशि प्रदान की। दरअसल पीएनबी मेटलाइफ कंपनी लोगों के कल्याण और उनकी बेहतरी में मजबूती से विश्वास करती है और विभिन्न खेल आयोजनों के माध्यम से कंपनी सक्रिय रूप से स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा दे रही है। खुशहाली के लिए स्वास्थ्य पहल के तहत कंपनी खेलकूद संबंधी गतिविधियों को बढावा देती है, इनमें से एक प्रतिस्पर्धा बच्चों के लिहाज से भी आयोजित की जाती है। जहां एक तरफ पीएनबी मेटलाइफ सतारा हिल हाफ मैराथन वयस्क धावकों के लिए है, वहीं पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप खेलकूद संबंधी गतिविधियों के सहारे बच्चों को सेहतमंद बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित करती है। पीएनबी मेटलाइफ सतारा हिल हाफ मैराथन का मकसद भी दौड के जरिए लोगों को एक स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली की तरफ प्रेरित करना है। सतारा हिल हाफ मैराथन भारत की सबसे प्रतिष्ठित मैराथन दौड में से एक है, जो भारत और दुनिया भर से मैराथन धावकों को लक्षित करती है, जो सकारात्मक अर्थों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देती है। यह इस साल तब और स्पष्ट हुआ जब 7 अप्रैल 2018 को सुबह 5 बजे बुकिंग शुरू हुई और तीन घंटों के भीतर, सभी स्लॉट बुक कर लिए गए। 21 किलोमीटर की इस मैराथन में सभी क्षेत्रों और आयु वर्गों के 6500 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। यह देश में होने वाली कुछ मैराथनों में से एक है जिसे एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन्स एंड डिस्टेंस रेसेज-एआईएमएस की सदस्यता हासिल है। इस सालाना इवेंट का आयोजन एक गैरलाभकारी संगठन सतारा रनर्स फाउंडेशन के सहयोग से किया जाता है। इवेंट के पूर्व के सीजन की तरह इस बार मैराथन की थीम थी-बी ए हीरो जिसमें धावकों और उनके अदम्य साहस की भावना का सम्मान झलकता है।